# कार्यालय प्राचार्य, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा, छ0ग0

Ph.No.- 07774-230921, 9329406751 Email – rgpg.apur1960@gmail.com, www.rgpgcapur.in


## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक. 22.12.2023

आज की दुनिया पर कंप्यूटर और उनके अनुप्रयोगों का बोलबाला है। जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग प्रतिदिन कंप्यूटर का उपयोग करते हैं, चाहे वे कार्यालयों हों, अस्पतालों हों, या यहाँ तक कि घर पर भी हों। परिणामस्वरूप, कंप्यूटर चलाने में सक्षम होना शिक्षण और अनुसंधान सहित विभिन्न व्यवसायों में एक आवश्यक कौशल बन गया है।

इसी कड़ी में राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर के कम्प्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ रिजवान उल्ला के मार्गदर्शन में सामाजिक दायित्वों के अंतर्गत सामाजिक सरोकारों से जुड़ा हुआ तकनीकी कौशल एवं जागरूकता से संबंधित गतिविधियां संचालित की गई। इसके तहत श चेतन कुमार विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर एप्लिकेशन एवं सुश्री मोनिका खेस्स विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर साइंस के नेतृत्व में सरगुजा एवं सूरजपुर जिला का समीपवर्ती ग्राम महावीरपुर में बी सी ए एवं बी. एस. सी(सी एस) पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम के लगभग 90 घरों में समूहवार पहुँच कर कम्प्यूटर साक्षरता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया।

छात्र-छात्राओं के द्वारा आधार अपडेशन, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, भूमि संबंधी विभिन्न दस्तावेज, फ़ोन पे, गूगल पे, ऑनलाइन ठगी, साइबर सुरक्षा , चैट जीपीटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इत्यादि के बारीकियों को घर के प्रमुख सदस्यों के सामने परिवार के सभी सदस्यों को डेमो देकर समझाया गया। इसके साथ ही साथ ग्राम के प्राथमिक शाला में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को विभाग के छात्रों द्वारा कम्प्यूटर के उपयोगिता एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच वीर बहादुर राम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ विभाग के शिक्षक सर्वेश पांडेय, श्री शशांक विश्वकर्मा, श्रीमती कृतिका सिन्हा, श्रीमती पूजा मिश्रा, सुश्री प्रिया पांडेय, अनुभव श्रीवास्तव, सुश्री रानी चौरसिया, भूषण प्रताप धैर्य उपस्थित होकर अपना सहयोग प्रदान किया।

प्राचार्य
रा.गां.शास.स्नात.महा. अंबिकापुर (छ.ग.)

Scanned by CamScanner

**बीरबहादुर**
(सरपंच)
ग्राम पंचायत-महावीरपुर

निवास :
ग्राम पंचायत-महावीरपुर
जनपद पंचायत, सूरजपुर,
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)
मो.नं.-9131717633

क्र.                                                                 दिनांक 21/12/2023


प्रमाणित किया जाता है कि

आज दिनांक 21/12/2023 को ग्राम महावीरपुर जिला सूरजपुर (छ.ग) में राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीसीए एवम बी. एस. सी (सी एस) पंचम सेमेस्टर के छात्र छात्र-छात्राओं के द्वारा सोशल आउटरीच के तहत कम्प्यूटर साक्षरता विषय पर ग्राम का भ्रमण कर प्रतिवेदन तैयार किया गया।

ग्राम पंचायत महावीरपुर जिला सूरजपुर (छ. ग) इनके उज्वल भविष्य की कामना करता है।

बीरबहादुर
सरपंच
ग्राम पंचायत महावीरपुर
जनपद पंचायत सूरजपुर
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

Scanned by CamScanner




Scanned by CamScanner




Scanned by CamScanner

# कम्प्यूटर साक्षरता सिर्फ एक कौशल नहीं, बल्कि एक आवश्यकता



नवभारत ब्यूरो। अम्बिकापुर।

पीजी कॉलेज अम्बिकापुर के कम्प्यूटर साइंस व एप्लीकेशन विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला के मार्गदर्शन में सामाजिक दायित्वों के अंतर्गत सामाजिक सरोकारों से जुड़ा हुआ तकनीकी कौशल व जागरूकता से संबंधित गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसके तहत चेतन कुमार विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर एप्लिकेशन व सुश्री मोनिका खेस्स विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर साइंस के नेतृत्व में सरगुजा व सूरजपुर जिला के समीपवर्ती ग्राम महावीरपुर में बीसीए व बीएससी (सीएस) पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम के लगभग 90 घरों में समूहवार पहुंच कर कम्प्यूटर साक्षरता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। छात्र-छात्राओं के द्वारा आधार अपडेशन, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, भूमि संबंधी विभिन्न दस्तावेज, फ़ोन पे, गूगल पे, ऑनलाइन ठगी, साइबर सुरक्षा, चैट जीपीटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इत्यादि के बारीकियों को घर के प्रमुख सदस्यों के सामने परिवार के सभी सदस्यों को डेमो देकर समझाया गया। इसके साथ ही साथ ग्राम के प्राथमिक शाला में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को विभाग के छात्रों द्वारा कम्प्यूटर के उपयोगिता व आवश्यकता से अवगत कराया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच वीर बहादुर राम, शिक्षक सर्वेश पांडेय, शशांक विश्वकर्मा, कृतिका सिन्हा, पूजा मिश्रा, प्रिया पांडेय, अनुभव श्रीवास्तव, रानी चौरसिया, भूषण प्रताप आदि उपस्थित थे।

Scanned by CamScanner

# कंप्यूटर अनुप्रयोगों के एक स्तर तक का ज्ञान सभी संकाय के विद्यार्थियों को होनी चाहिए

राजीव गांधी शासकीय स्वसाशी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लिकेशन विभाग द्वारा विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस. एस. अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष श्री चेतन कुमार एवं कंप्यूटर साइंस विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री मोनिका खेस के संयोजन में और डॉक्टर उमेश कुमार पांडेय व श्रीमती पूजा मिश्रा के संचालन में टैक्नो-फेस्ट 2022 का आयोजन महाविद्यालय के आडिटोरियम में आयोजित किया गया था इस आयोजित विविध प्रतियोगिताओं मे सहभागी प्रतिभागी एवं स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण आज दिनांक 14-12-2022 को किया गया ।






इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एस. एस. अग्रवाल ने अपने संबोधन में विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस को एक नए अंदाज में मनाने और बेहतरीन संयोजन के लिए कंप्यूटर साइंस एवं एप्लिकेशन के विद्यार्थियों एवम विभाग के प्राध्यापकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुवे कहा की आज के समय में न केवल कंप्यूटर साक्षरता की जरूर है बल्कि इनके वर्तमान डेवलपमेंट से एक स्तर तक का ज्ञान सभी संकाय के विद्यार्थियों को होनी चाहिए।

टैक्नो-फेस्ट 2022 कार्यक्रम का प्रारंभ कम्प्यूटर साइंस एवं एप्लिकेशन विभाग के छात्राओं द्वारा मां सरस्वती वंदना एवं छत्तीसगढ़ राज्य गीत की प्रस्तुति एवं कार्यक्रम के संयोजक श्री चेतन कुमार के स्वागत संबोधन के साथ किया गया । कार्यक्रम के आयोजन में कंप्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्क, सॉफ्टवेयर, सोशल मीडिया एवं अनुप्रयोगों पर आधारित रंगोली, चित्रकला, क्विज, व्याख्यान एवं पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रस्तुति दिया गया था । इस आयोजन में प्रस्तुत सभी कार्यक्रम की विधाओं को प्राचार्य महोदय, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों के द्वारा सराहा गया।

इस कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिताओं का पर्यवेक्षण कंप्यूटर साइंस विभाग के सहायक प्राध्यापकों के द्वारा किया गया जिसमे रंगोली प्रतियोगिता सुश्री रानी चौरसिया, पोस्टर प्रतियोगिता श्रीमती कृतिका सिन्हा, क्विज प्रतियोगिता श्री अनुभव श्रीवास्तव, व्याख्यान माला प्रतियोगिता सुश्री मोनिका खेस संयोजक रही। साथ ही सफल आयोजन के लिए तकनीकी व्यवस्था, कार्यक्रम की रूपरेखा निर्माण में श्री शशांक विश्वकर्मा एवं श्री सर्वेश पाण्डेय जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इस आयोजन में बीसीए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के द्वारा सोशल मीडिया को प्रदर्शित करने वाला प्रारूप मॉडल सोशल ट्री* सभी के लिए विशेष आकर्षण और सेल्फी का केंद्र रहा ।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रिजवान उल्ला, डॉ रमेश कुमार जयसवाल, डॉक्टर एस. एन. पांडेय, डॉक्टर राजकमल मिश्रा, श्री संजीव लकड़ा ने संबोधित करते हुवे विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया, कार्यक्रम में प्राध्यापक श्रीमती सरोज तिर्की, डॉ. ममता गर्ग, डॉक्टर अनिल सिन्हा, श्री सुनील केरकेट्टा, डॉ. एम. के. मौर्य, श्री संजीव लकड़ा, श्री माधवेंद्र तिवारी, गीतांजलि, मोहिनी दुबे, श्रीमति गिरजा सिंह, संदीप कुशवाहा के साथ अन्य भी उपस्थित रहे । सफल आयोजन के लिए आवश्यक सहयोग, समय एवं स्थान प्रदान करने के लिए कंप्यूटर साइंस की विभागाध्यक्ष सुश्री मोनिका खेस ने महाविद्यालय प्राचार्य के साथ साथ विभाग के अन्य सभी प्राध्यापक एवं महाविद्यालय के मार्गदर्शक मंडल के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया, आयोजन का समापन राष्ट्र गान के साथ किया गया।

Scanned by CamScanner

बिज्ञान दिवस पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का हुआ कार्यक्रम

**"बिज्ञान और प्रौद्योगिकी के उत्थान में सर सी.व्ही. रमन का योगदान"**

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन भौतिकी, भूगर्भशास्त्र, एवं कम्प्युटर विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधन में आयोजित किया गया था। वेबीनार का विषय वर्तमान परिवेश में बिज्ञान और प्रौद्योगिकी के उत्थान में सर सी.व्ही. रमन का योगदान था। वेबीनार का प्रारंभ संयोजक एवं विभागाध्यक्ष भौतिक शास्त्र डा. एस.के. श्रीवास्तव के द्वारा स्वागत उद्‌बोधन के साथ किया गया। श्री श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए फोटोन कणों के लचीले वितरण को विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि डा. देवेंद्र कुमार प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष सेरेमिक इंजीनियरिंग आईआईटी बीएचयु ने रमन प्रभव एवं उनके योगदान एव पुराने समय में संसाधन की अनुपलब्धता पर भी नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने पर प्रकाश डाले। मुख्य वक्ता डा. ए. के. श्रीवास्तव डीन साईंस फैकल्टी डा. सी.व्ही. रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा डा. सी व्ही रमन के योगदान को पावर पाईंट के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सचिव डा. एम. के. मौर्या ने विज्ञान के महत्व के बारे में बताते हुए सर सी.व्ही. रमन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संरक्षक एवं प्रायार्य डा. रशीदा परवेज ने बताया कि विज्ञान दिवस देश में विज्ञान के निरंतर उन्नति का आहवान करता है। कम्प्युटर विज्ञान के विभागाध्यक्ष श्री चेतन कुमार पैंकरा ने रमन प्रभाव का विस्तार विज्ञान के अनेकों शाखाओं तक होने बताया एवं वेबीनार से जुड़े समस्त अतिथियों, वक्ताओं , प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष ऑनलाईन माध्यम से जुड़े रहे। इस कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक प्राध्यापक डा. उमेश कुमार पाण्डेय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सचिव डा. एम.के. मौर्या, तकनिकी विशेषज्ञ श्री सशांक विश्वकर्मा, कु. प्रिया पाण्डेय, श्री अनुभव श्रीवास्तव, कु. प्रियंका सिंह, श्री सर्वेश पाण्डेय का कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र–छात्राओं के द्वारा ऑनलाईन सहभागिता लिया गया साथ ही डा. सी. व्ही. रमन जी से जुड़े घटनाओं और अनुसंधानों के संदर्भ में ऑनलाईन क्विज भी रखा गया है जिसमें प्रतिभागियों को उत्तीर्ण होने पर प्रमाण पत्र महाविद्यालय द्वारा जारी किया जावेगा।

| | | |
|---|---|---|
| **डा. एस. के. श्रीवास्तव** | **श्री चेतन कुमार पैंकरा** | डा. रशिदा परवेज |
| विभागाध्यक्ष, भौतिक शास्त्र | कम्प्युटर विज्ञान | प्राचार्य |

Scanned by CamScanner

RAJEEV GANDHI GOVT. POST GRADUATE COLLEGE AMBIKAPUR, C.G., INDIA

Department of Computer Science

www.rgpgcapur.in

# National Webinar Organized by Dept. of Physics, Geology, Computer Science

## "Contribution of Dr. C V Raman for Upliftment of Science and Technology in Present Scenario."

**Date: 28 Feb 2022, Time : 02:30 PM To Onward**

### Patron Person



Dr. Rashida Parvez
Principal
RGPG College, Ambikapur

### Chief Guest



Dr. Devendra Kumar
Professor & Head Ceramic Engineering
IIT BHU Varanasi UP

### Eminent Speakers



Dr. A. K.Shrivastava
Dean Faculty of Sciences
Dr. C.V. Raman University Kota, Bilaspur,

### Organizing Secretory



Dr. S. K Shrivastava
HOD, Physics



Mr. Sunil A. K. Kerketta
HOD Geology



Mr. Chetan Ku. Painkra
HOD Computer Science

### Organizing Secretory





Dr. M. k. Mourya & Dr. U. K. Pandey
Assist. Prof.











Technical Expert : Mr. Shashank Vishvakarma, Ku. Priya Pandey, Mr. Anubhav Shrivastava,


Scanned by CamScanner

# विज्ञान दिवस पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया

## विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उत्थान में डॉक्टर सी.व्ही. रमन का योगदान

अंबिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन भौतिकी, भूगर्भशास्त्र, एवं कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधन में वर्तमान परिवेश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उत्थान में डॉ. सी.व्ही. रमन का योगदान विषय पर आयोजित किया गया । वेबीनार का प्रारंभ संयोजक एवं विभागाध्यक्ष भौतिक शास्त्र डा. एस. के. श्रीवास्तव के द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ किया गया। श्री श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए फोटोन कणों के लचीले वितरण को विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि डा. देवेंद्र कुमार प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष सेरेमिक इंजीनियरिंग आईआईटी बीएचयु ने रमन प्रभव एवं उनके योगदान एव पुराने समय में




संसाधन की अनुपलब्धता पर भी नोवेल पुरस्कार प्राप्त करने पर प्रकाश डाले साथ में यह भी बताया की हमे सतत प्रयास सही दिशा में करते रहना चाहिए । मुख्य वक्ता डा. ए. के. श्रीवास्तव डीन साईंस फैकल्टी डा. सी.व्ही. रमन विष्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा डा. सी व्ही रमन के योगदान को पावर पाईंट के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सचिव डा. एम. के. मौर्या ने विज्ञान के महत्व के बारे में बताते हुए सर सी. व्ही. रमन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अवगत कराया गया । कार्यक्रम के संरक्षक एवं प्रायार्य डा. रशीदा परवेज ने बताया कि विज्ञान दिवस देश में विज्ञान के निरंतर उन्नति का आह्वान करता है। कम्प्युटर विज्ञान के विभागाध्यक्ष श्री चेतन कुमार पैंकरा ने रमन प्रभाव का विस्तार विज्ञान के अनेकों शाखाओं तक होने बताया एवं वेबीनार से जुडे. समस्त अतिथियों, वक्ताओं , प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष ऑनलाईन माध्यम से जुडे. रहे। इस कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक प्राध्यापक डा. उमेश कुमार पाण्डेय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सचिव डा. एम.के. मौर्या, तकनिकी विशेषज्ञों में श्री सशांक विष्वकर्मा, कु. प्रिया पाण्डेय, श्री अनुभव श्रीवास्तव, कु. प्रियंका सिंह, श्री सर्वेश पाण्डेय का कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान रहा।कार्यक्रम में लगभग २०० छात्र-छात्राओं के द्वारा ऑनलाईन सहभागिता लिया गया साथ ही डा. सी. व्ही. रमन जी शे जुड़े घटनाओं और अनुसंधानों के संदर्भ में ऑनलाईन क्विज भी रखा गया है जिसमें प्रतिभागियों को उत्तीर्ण होने पर प्रमाण पत्र महाविद्यालय द्वारा जारी किया जावेगा।

Scanned by CamScanner